

संस्थापक स्मृति
स्व. हनुमानप्रसादजी-मनभरीदेवी काबरा

कुचामन विकास समिति द्वारा संचालित
नि:शुल्क बालिका उच्च शिक्षा आदर्श परियोजना

# एच. पी. काबरा गर्ल्स कॉलेज

## कुचामन सिटी (राज.)

एम.डी.एस. यूनिवर्सिटी अजमेर से मान्यता प्राप्त




# विवरणिका

01586-220350
9214839052 (Secretary)
7014568348 (Administrator)
hpkabragirlscollege@yahoo.com
https/www.hpkabragirlscollege.in/index.php

# सचिव की कलम से....



सुभाष रांवका
सचिव
एच.पी.काबरा गर्ल्स कॉलेज

कुचामन विकास समिति एवं एच.पी. गर्ल्स कॉलेज हार्दिक आभार प्रकट करते है आदरणीय श्री श्यामसुन्दर जी जुगलकिशोर जी काबरा परिवार का जिन्होंने अत्यन्त ही उदारमन से अपने स्व. माताजी-पिताजी श्री हनुमानप्रसाद जी-गायत्रीदेवी काबरा की पूण्य स्मृति में इस महाविद्यालय के विशाल भवन का निर्माण करवाकर अल्प आय वाले परिवारों की लाडली बिटियाओं के उज्जवल भविष्य निर्माण हेतु उच्च शिक्षा प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त किया। यूजीसी के मापदंडानुसार उच्च योग्य अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में हरे भरे वातावरण के बीच स्थित इस कॉलेज में डिग्री पाठ्यक्रम के साथ-साथ कुशल महिला शिक्षकों के मार्गदर्शन में स्वालम्बन की दिशा में निःशुल्क सिलाई, ब्यूटी पार्लर, डांस, स्पोकन इंग्लिश, ऑनलाईन- ऑफलाईन जॉब ओरिएंटेड कोर्स में प्रत्येक छात्रा को प्रशिक्षित किया जाता है ।राजकीय सेवा हेतु इच्छुक छात्राओं के लिए प्रतियोगी परीक्षा तैयारी दक्ष व कुशल शिक्षकों द्वारा नियमित कक्षाएं बिना किसी शुल्क के करवाई जाती है । महाविद्यालय में दक्ष एवं समर्पित प्राध्यापकों द्वारा शिक्षण करवाये जाने से परीक्षा परिणाम भी सदैव शत-प्रतिशत तथा जिले में श्रेष्ठ रहता है। आशा है एच.पी.काबरा गर्ल्स कॉलेज आने वाले समय में उच्च शिक्षा एवं स्वालम्बन की दिशा में नए कीर्तिमान स्थापित होगा ।

# प्रशासक की कलम से....




अखिलेश राय
M. A. (English, History)
M. Ed., PGDTE (EFLU, Hyd.)
(Retd. HOD & Senior Lecturer
DIET Kuchaman city)

कुचामन विकास समिति की ''बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ'' बालिकाओं को निःशुल्क उच्च शिक्षा प्रदान करने की दिशा में अनुपम योजना है जहां लक्ष्य मात्र डिग्री आवंटन न होकर स्वालम्बन बनाने की दिशा में एक बेहतर प्रकल्प है। जहां छात्राऐं इस आधुनिक संसाधनों से सज्जित एच.पी.काबरा गर्ल्स कॉलेज में अपना एवं अपने अभिभावकों का बिना एक रूपये खर्च किए डिग्री, रोजगार एवं स्वरोजगार प्रशिक्षण के साथ अपने उत्कृष्ट व्यक्तित्व निर्माण को प्राप्त कर परिवार एवं समाज के बीच में अपनी विशिष्टता का परिचय देती हैं। यहां अध्ययनरत छात्राओं को कॉलेज यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, टाई, बेग, पुस्तकें, कोट व बस स्टेण्ड से कॉलेज तक आने जाने की निःशुल्क वाहन सुविधा कुचामन विकास समिति द्वारा सभी छात्राओं को उपलब्ध कराई जाती है। छात्राओं द्वारा ही प्रार्थना सभा एवं सहगामी/को-करिकूलर गतिविधियों का संचालन दक्ष शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में किया जाता है। महाविद्यालय के सांस्कृतिक/प्रवेशोत्सव/वार्षिकोत्सव एन.एल. काबरा ऑडिटोरियम में प्रतिवर्ष आयोजित किये जाते है जिसमें कार्यक्रमों में भाग लेने वाली सभी छात्राओं एवं प्रतिभाओं को पारितोषिक दिया जाता है ।कुचामन विकास समिति अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश काबरा द्वारा साप्ताहिक रूप से छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों के साथ बैठक/संवाद स्थापित कर फीडबैक प्राप्त कर बेहतर सुविधाएं एवं व्यवस्थाऐं प्रदान करने का प्रयास किया जाता है। कुचामन विकास समिति को समाज उत्थान की दिशा में किए जाने वाले इस पुनीत कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद ।

## महाविद्यालय परिचय

यह महाविद्यालय शहर से 3 किमी . दूर स्टेशन रोड़ पर शाकम्भरी मन्दिर के पास हरितिमा युक्त राज्य सरकार द्वारा प्रदत 10 बीघा भूमि परिसर में 2 मंजिला भव्य भवन में संचालित है।



महाविद्यालय भवन

महाविद्यालय सुसज्जित लाईब्रेरी एवं वाचनालय, बड़े खेल मैदान, बड़े एवं स्मार्ट कक्षा-कक्ष, सीसीटीवी कैमरे, सुविधा युक्त प्रसाधन, केन्टीन एवं सांस्कृतिक तथा सेमिनारों के लिए विशाल ऑडिटोरियम युक्त है ।


आधुनिक लाईब्रेरी

## प्रवेश नियम एवं आचार संहिता

12 वीं कक्षा पास सभी वर्ग की तथा कमजोर एवं प्रतिभावान छात्राऐं कलावर्ग में अध्ययन हेतु प्रवेश के लिए पात्र है ।


सुसज्जित सभागार

सेमेस्टर प्रणाली से संचालित इस महाविद्यालय में हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, कम्प्यूटर साईस, भूगोल, राजनीति विज्ञान तथा इतिहास इन 6 वैकल्पिक विषयों में से प्रत्येक छात्रा को तीन विषय चुनने होते है ।


भूगोल लेब

प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 2.30 बजे नियमित कक्षाऐं लगती हैं जिनमें 1 घण्टे की एक्टीविटीज एवं कौशल क्लास लगती है जिसमें विभिन्न गतिविधियों में से प्रत्येक छात्रा को एक कौशल कक्षा में भाग लेना अनिवार्य है ।


स्मार्ट एवं डिजिटल बोर्ड

कॉलेज में नियमित रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है तथा अधिकतम उपस्थिति वाली छात्राओं को विशेष प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है।


महाविद्यालय में नियमित रूप से प्रतिदिन विभिन्न उद्देश्य युक्त प्रार्थना सभा, शनिवार को हाफ-डे एक्टीविटीज तथा वर्ष में एक बार एस.यू.पी.डब्लू. केम्प के आयोजन व्यापक स्तर पर होते है जिनमें सभी छात्राओं को भाग लेना होता है।

## गेम्स एवं सांस्कृतिक आयोजन

महाविद्यालय में आउटडोर एवं इण्डोर गेम्स के मैदान है। शारिरिक विकास के लिए सभी छात्राऐं अपनी रूचि के गेम्स में भाग ले सकती है। छात्राओं को अन्तर महाविद्यालय तथा प्रदेश स्तर पर प्रतिभा अनुसार गेम्स में भाग लेने के अवसर प्राप्त होते है।

महाविद्यालय परिसर में स्थित भव्य एन.एल.ऑडिटोरियम में समय-समय पर सांस्कृतिक एवं व्यक्तित्व विकास के आयोजन होते है। नियमित रूप से प्रतिवर्ष प्रवेशोत्सव, वार्षिकोत्सव, डांडीया, दीपावली स्नेह मिलन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन अल्पाहार/भोजन सुविधा के साथ आयोजित किये जाते है।


एस.यू.पी.डब्लू. कैम्प


आउटडोर गेम्स


आउटडोर गेम्स


वार्षिकोत्सव


दीपावली स्नेह मिलन

## नि:शुल्क सुविधाऐं

पुराने बस स्टेण्ड से महाविद्यालय आने और जाने की प्रत्येक छात्रा हेतु नि:शुल्क वाहन सुविधा है ।



वाहन सुविधा

समिति द्वारा प्रत्येक छात्रा को यूनिफॉर्म, पाठ्य पुस्तकें, नोटबुक्स, पेन, कॉलेज बेग, जूते-मोजे, बेल्ट, टाई तथा सर्दियों में ब्लेजर/पुलओॉवर नि:शुल्क प्रदान किये जाते हैं, इस प्रकार अपनी लाडली की उच्च शिक्षा के लिए अभिभावकों का प्रथम वर्ष से डिग्री प्राप्त करने तक एक रूपया भी खर्चा नहीं होता है ।


बेग वितरण

प्रत्येक छात्रा को परिचय-पत्र तथा स्वास्थ्य कार्ड दिया जाता है जिसमें नियमित सामान्य स्वास्थ्य जांच की नि:शुल्क सुविधा छात्रा को प्राप्त होती है


सिलाई मशीन वितरण

## छात्रावास सुविधा

समिति द्वारा संचालित लादीदेवी मोहनलाल पहाड़िया बालिका छात्रावास में छात्राओं के रहने की समुचित व्यवस्था उपलब्ध है। इस छात्रावास में प्रवेशित छात्राओं हेतु रहने की सुविधा नि:शुल्क है। अल्पाहार एवं भोजन की लागत दर छात्रा को देय होती है ।



बालिका छात्रावास

## छात्रवृत्तियां एवं अवार्ड

महाविद्यालय में छात्राऐं राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग द्वारा प्रदत सभी छात्रवृतियां यथा मुख्यमंत्री छात्रवृति योजना, समाज कल्याण छात्रवृति,कालीबाई स्कूटी योजना, विकलांग, अल्पसंख्यक


छात्रावास का भोजनालय

श्रमिक कार्डधारी, पितृ विहीन तथा आर्थिक पिछड़ा वर्ग में आवेदन कर सकती है ।



[illegible]

समिति द्वारा उच्चतम प्राप्तांक प्राप्त छात्रा ,उच्चतम उपस्थिति तथा राज्य स्तर पर उपलब्धि आदि हेतु विभिन्न प्रकार के प्रोत्साहन एवं नगद पुरस्कार, मोमेन्टो तथा प्रशस्ति-पत्र प्रतिभावान छात्राओं को प्रतिवर्ष नियमित रूप से दिये जाते हैं



शैक्षणिक भ्रमण

प्रति वर्ष निःशुल्क शैक्षणिक भ्रमण का अवसर उच्चतम उपस्थिति वाली छात्राओं को प्राप्त होता है ।

## कौशल विकास प्रशिक्षण

समिति द्वारा प्रति वर्ष छात्राओं को स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के अन्तर्गत कौशल क्लासेज में सिलाई प्रशिक्षण, ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण, कम्प्यूटर क्लास, इंग्लिस स्पोकन, नृत्य प्रशिक्षण तथा खेल कूद प्रशिक्षण संचालित किये जाते हैं ।



सिलाई प्रशिक्षण

समिति द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप प्रशिक्षित कमजोर वर्ग की छात्रा को सिलाई मशीन निःशुल्क प्रदत की जाती है जिसके अन्तर्गत 150 सिलाई मशीनें जरूरतमन्द प्रशिक्षित छात्राओं को स्वरोजगार हेतु प्रदत की जा चुकी है ।



ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण

## प्रतियोगी परीक्षा तैयारी

महाविद्यालय में RS-CIT कोर्स मात्र राजकीय शुल्क में करवाया जाता है। अग्निवीर तथा CET कोचिंग की



RS-CIT प्रशिक्षण

नि:शुल्क सुविधा भी उपलब्ध है।
जॉब ऑरियेन्टेड क्लास में दक्ष फैकल्टीज द्वारा छात्राओं के जॉब व्यक्तित्व विकास हेतु विशेष प्रशिक्षण नि:शुल्क दिया जाता है।


पर्यावरण संरक्षण

## अन्य विशेषताऐं

छात्राओं की परिसर में सुरक्षा प्रथम तथा संस्कार निर्माण के प्रति हम प्रतिबद्ध है। उच्च संस्कारों के लिए विभिन्न विद्वतजनों एवं सन्तों के उदबोधन नियमित रूप से होते है।


मातृ-पितृ चरण वंदन



फेयरवेल



नव प्रवेशित छात्रा स्वागत

## विद्यालय प्रबंध मण्डल 2025-2027

| | | |
|---|---|---|
| श्री ओमप्रकाश काबरा | अध्यक्ष | 9829235934 |
| श्री सुभाष रांवका | सचिव | 9214839052 |
| श्री नरेन्द्र शर्मा | सहसचिव | 9829078821 |
| श्री बनवारी मोर | सचिव कुविस | 9414586097 |
| श्री श्यामसुन्दर मंत्री | सदस्य | 9829078500 |
| श्री नरसिंगदास काबरा | सदस्य | 9829424634 |
| श्री महेश रामचन्द्रका | सदस्य | 9983087101 |
| श्री रविकान्त काबरा | सदस्य | 9829078038 |
| श्रीमती रानी पाटनी | सदस्य | 9290020308 |
| श्रीमती ज्योति मोर | सदस्य | 7374850085 |
| श्री अखिलेश राय, प्रशासक | सदस्य | 7014568348 |
| श्री रण सिंह, प्राचार्य | सदस्य | 9462638586 |
| सुश्री भागोती, प्राध्यापिका | सदस्य | 7665102524 |
| श्री पूरण सिंह, प्राचार्य कुचामन कॉलेज | सदस्य | 9460582008 |

# अध्यक्ष की कलम से....

## आत्मीय निवेदन



**ओमप्रकाश काबरा**
अध्यक्ष
कुचामन विकास समिति एवं
एच.पी.काबरा गर्ल्स कॉलेज

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्रीमान नरेन्द्र मोदी जी के 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ-बेटी बढ़ाओ' के आह्वान पर कुचामन विकास समिति द्वारा सन् 2015 में छात्राओं को उच्च शिक्षा निःशुल्क प्रदान करने हेतु ड्रीम प्रोजेक्ट शुरू किया गया जो सतत् रूप से गुणवत्तापूर्ण अंडर ग्रेजुएट कोर्स तीन वर्षीय पाठ्यक्रम बेचलर ऑफ आर्टस कुचामन शहर एवं आसपास के गावों एवं ढ़ाणियों से कक्षा 12 उत्तीर्ण छात्राओं को एच.पी.काबरा गर्ल्स कॉलेज कुचामन सिटी, स्टेशन रोड़ शाकम्भरी माता मन्दिर के पास स्थित विशाल परिसर में प्रदान किया जा रहा है।

मान्यवर, इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य कुचामन शहर तथा आसपास के क्षेत्रों की उन छात्राओं को उच्च शिक्षित करना है जिनके अभिभावक कमजोर वर्ग के है तथा जो बेटी को उच्च शिक्षा दिलाने में असमर्थ है जिसकी वजह से बहुत सारी छात्राऐं प्रतिभावान होते हुये भी अपनी पारिवारिक परिस्थिति की वजह से कॉलेज शिक्षा नहीं प्राप्त कर पाती है। हमने उन अभिभावकों की कठिनाई को समझते हुये हमारे विश्वासी सहयोगियों की शक्ति पर विश्वास करते हुये प्रथम वर्ष से डिग्री प्राप्त करने तक एक रूपया भी उनका खर्च नहीं हो ऐसी व्यवस्था की है।

मान्यवर, हमारे शास्त्रों के अनुसार विद्या दान सबसे महान दान है, और एक लड़की को शिक्षित करने से समाज और राष्ट्र दोनों मजबूत होते हैं। आत्मीय वृन्द, इस महाविद्यालय में प्रवेश लेने पर छात्राओं का जो व्यक्तित्व होता है वह मात्र 6 माह बाद ही एक आश्चर्यजनक विकास में बदल जाता है। इस महाविद्यालय की उच्च शिक्षा पद्धति, परिवेश-वातावरण, व्यक्तित्व विकास के कार्यक्रम, सांस्कृतिक आयोजन एवं मंच के साथ रोजगारोन्मुखी अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रमों से प्रत्येक छात्रा का आत्म विश्वास एक नई मंजिल को प्राप्त करता है, जिसे देखकर एक सुखद अनुभूति का अहसास होता है और लगता है हम समाज की सच्ची सेवा कर रहे हैं।

मान्यवर, निःशुल्क शिक्षा एवं स्वरोजगार प्रवीणता की यह परियोजना आप ही के उदारमना सहयोग से सम्भव हो पाती है। समिति के 11 हजार रू. प्रतिवर्ष प्रति छात्रा को गोद लिये जाकर उन्हें शिक्षित करने-कराने में अनेक सहयोगी बन्धुओं ने अपार रूचि दिखाई है। मैं कृतज्ञ हूं समस्त दानदाताओं का जो प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में नियमित रूप से छात्राओं को गोद ले रहे हैं तथा सभी सहयोगी बन्धुओं का जो प्रतिवर्ष छात्राओं को गणवेश, कॉलेज बेग, जूते व मोजे, नोट बुक्स तथा पुलऑवर आदि सहायक सामग्री नियमित रूप से समिति को प्रदत कर रहे है।

मान्यवर, पुनः आपसे मेरा निवेदन है कि इस वर्ष भी आप एक या अधिक छात्राओं को गोद लेकर 11 हजार रू. प्रति छात्रा का अनुदान देकर महिला सशक्तिकरण के इस पावन महायज्ञ में सहयोग कर एक सुखद आत्मानुभूति एवं असीम पूण्य का सर्जन करें।